ALL INDIA GOVERNMENT DRIVER'S FEDERATION

(Regd. No. S/00927 NE/2012/Dt. 13.06.12)
(Recognised by All States/Union Territories Vide Their Individual Affiliated State Govt./Central Govt.)
Garage No. 3, M-Block, Vikas Bhawan, I. P. Estate, New Delhi-110002

National President :
P. Kannan (Tamilnadu)
(M) 9600748302
Public Health &
Preventive Medicine
E-mail : pkannanradha@gmail.com

Chief Patron :
Narender Singh (Delhi)
(M) 9210274309
E-mail : aigdf16@@gmail.com

National Secretary General :
Satpal (Delhi)
(M) 8700069715
Off. Tel. No. : 23378128
E-mail : spk.delhii@gmail.com
Website : www.aigdf.org

Ref. No. AIGDF/2025/81

Date 30-1-2025

सेवा में,

माननीय प्रधानमंत्री जी
भारत सरकार,
साउथ ब्लाक, नई दिल्ली ।

विषयः– भारत के राजकीय चालकों की लम्बित मांगो एवं समस्याओ के निवारण ना होने पर राष्ट्रीय आंदोलन की चेतावनी ।

माननीय महोदय,

ऑल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राईवर फेडरेशन पिछले कई वर्षो में अपनी समस्याओ और चालकों की मांगो को लेकर 40 से अधिक पत्र लिख चुका है परन्तु हमारी मांगो एवं समस्याओं का अभी तक कोई निवारण नही हुआ है । चालकों के आंसुओ को पोछने के उद्देश्य से 2020 में एक बैठक डा0 जितेन्द्र सिहँ, माननीय राज्य मंत्री, प्रधानमंत्री कार्यालय एवं कार्मिक जन शिकायत एवं पेशन मंत्रालय, भारत सरकार के साथ उनके कार्यालय नार्थ ब्लाक में हुई थी परन्तु इस बैठक का कोई परिणाम नही निकला । चालक वर्ग भारत सरकार की इस चुप्पी से बहुत ही दुखी मन से पुनः यह पत्र लिख रहा है कि चालकों की उचित मांगो पर शीघ्र ही निर्णय लिया जाये । माननीय मंत्री महोदय ने बताया कि आप की कुछ मांगे वित मंत्रालय व परिवहन मंत्रालय से संबंधित है, जिनको उचित कार्यवाही के लिय संबंधित मंत्रालयों और विभागो को भेज दिया जायेगा और उनके साथ आपकी बैठक भी सुनिश्चित की जायेगी परन्तु अभी तक कोई कार्रवाई नही हुई है ।

<u>चालको की मांगे निम्न है</u> :–

1. राजकीय चालको के पद को टेक्निकल पद घोषित किया जाये ।
2. भारत देश में चालकों को "एक काम एक समान वेतनमान दिया जाए ।
3. सरकारो में चालक के रिक्त पदो पर अविलंब भर्ती की जाये और ठेकेदारी प्रथा नियुक्त चालकों को नियमित किया जाये ।
4. सरकारी परामर्श तंत्र (जे.सी.एम) में चालकों का प्रतिनिधित्व होना चाहिए ।
5. सरकारी गाडी का बीमा किया जाये ।

कृपया पेज 2 देखे.....

6. स्टाफ कार चालक पदोन्नति स्कीम से अनुपात हटाया जाय ।
7. स्टाफ कार चालक पदोन्नति स्कीम से ट्रेड टेस्ट को हटाया जाये और लाईसेंस के नवीनीकरण के समय ट्रेड टेस्ट से छूट दिलाई जाये ।
8. चालक पद भर्ती नियम में संशोधन किया जाये, जिससे चालकों को अन्य तकनीकी पदो पर भी पदोन्नति का लाभ मिल सके ।
9. कण्डेम किये गये सरकारी वाहनों के बदले नये सरकारी वाहन खरीदे जाए ।
10. सरकारी वाहन का दुरूपयोग करना बंद किया जाये चाहिए ।
11. निजि गाडियॉ को टैक्सी के रूप में चलाना बंद किया जाना चाहिए ।
12. फैडरेशन कार्यालय के लिए कार्यालय या प्लाट का आंवटन किया जाना चाहिए ।
13. चालक की मृत्यू के मामले में उसके आश्रित को अनुकम्पा के आधार पर नौकरी दी जाये ।
14. चालकों का प्रारम्भिक न्यूनतम वेतन पे–मेट्रिक्स–5 में निर्धारित किया जाये क्योकि चालक एक तकनीकी कार्यो के साथ–साथ सड़क जोखिम भी उठाता है ।

माननीय महोदय, ऑल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राईवर फेडरेशन आपसे अनुरोध करता है कि फेडरेशन की मांगो पर पुर्नविचार हेतू कार्मिक जन शिकायत एवं पेशन मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग भारत सरकार, परिवहन मंत्रालय, वित मंत्रालय के अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की जाये जिससे चालकों की ज्वलंत मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की जा सके अन्यथा राजकीय चालकों राष्ट्रव्यापी आंदोलन के लिए मजबूर होना पडेगा ।

फेडरेशन एवं भारतवर्ष के राजकीय चालक आपके आभारी रहेगे ।

भवदीय

दिनांक 30–01–2025

(सतपाल)
राष्ट्रीय महासचिव

प्रतिलिपि प्रेषित :–

1. डा0 जितेन्द्र सिहॅ, माननीय राज्य मंत्री, प्रधानमंत्री कार्यालय एवं कार्मिक जन शिकायत एवं पेशन मंत्रालय, भारत सरकार कार्यालय नार्थ ब्लाक।
2. श्रीमान् सचिव, कार्मिक जन शिकायत एवं पेशन मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग भारत सरकार नार्थ ब्लाक।
3. श्रीमान् सचिव, वित मंत्रालय, भारत सरकार, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली ।
4. श्रीमान् सचिव, परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार, परिवहन भवन, ससंद मार्ग, नई दिल्ली ।
5. सभी राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशो के मुख्य सचिव को इस आश्य से कि चालकों की उक्त मांगो पर राज्य की चालक समितियों के साथ मिलकर उचित कार्रवाई करेगे ।
6. अध्यक्ष/महासचिव, सभी राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों की राजकीय चालक संघ/समितियों को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू ।

(सतपाल)
राष्ट्रीय महासचिव